font>

Title: Need to provide adequate security and better facilities to the Amarnath Yatris.

श्री सुरेश रामराव जाधव (परमनी) : सभापति महोदया, अमरनाथ यात्रा हिन्दुओं की पवित्र वार्षिक यात्रा है जो रक्षाबंधन के अवसर पर होती है। लाखों तीर्थ यात्री जिन में बच्चे, बूढ़े, जवान सभी होते हैं, इस पवित्र यात्रा में भाग लेते हैं। पिछले कई सालों से इसमें कुछ न कुछ बाधा पड़ रही है। कभी प्राकृतिक आपदा का सामना करना पड़ता है तो कभी आतंकवादी हमले के कारण तीर्थ यात्री मारे जाते हैं। जम्मू-कश्मीर में इस समय आतंकवादी हमले जोरों पर हैं। इस र्वा यात्रा के आरम्भ होने में अब ज्यादा समय नहीं है। अतः इस माननीय सदन के माध्यम से मैं सरकार से अपील करता हूं कि वह अभी से तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा तथा यात्रा मार्ग पर आ वश्यक सुविधाएं जैसे पर्याप्त मात्रा में भोजन, पीने का पानी, कम्बल, टैंट, चिकित्सा सुविधाएं आदि उपलब्ध कराने हेतु कार्यवाही शुरु कर दे तथा इस बात के पुख्ता इंतजाम किए जाएं कि इस र्वा अमरनाथ यात्रा बिना किसी बाधा के सम्पन्न हो और सुरक्षा के कड़े से कड़े इंतजाम किए जाएं।